अव्यवस्था

सोशल मीडिया में कसे जा रहे तंज, शहर के विभिन्न इलाकों में जमा कचरे के ढेर

## स्वच्छता के अवार्ड को अब फर्जी कहने लगे शहरवासी

**नवभारत,जबलपुर।** दीपावली को महज सिर्फ दो दिन बचे हैं और बम-पटाखों के उपयोग के बाद शहर के विभिन्न इलाकों में कचरा और अधिक फैलने का अनुमान लगाया जा रहा है लेकिन ऐसे में दीपावली के पहले ही शहर के विभिन्न इलाकों की सड़कों में कचरे के ढेर जिम्मेदारों के दावों को मुंह चिढ़ाते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया में शहर की जागरूक जनता ने अब फिर से सवाल खड़े करने शुरू कर दिए हैं और तरह-तरह के कमेंट कर पीड़ा व्यक्त करने में जुटे हुए हैं। सोशल मीडिया में जनता द्वारा जारी एक पोस्ट के अनुसार श्री राम मंदिर आगा चौक के पास फ्लाईओवर के सामने पड़ा कचरे का ढेर की नगर निगम को स्वच्छता में मिले अवार्ड से तुलना की जाए तो ये अवार्ड फर्जी है और हकीकत में शहर की तस्वीर स्वच्छता को लेकर कुछ और ही बयां कर रही है। लोगों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि दीपावली के पहले शहर के विभिन्न इलाकों में जमे कचरे के ढेरों को हटाया जाए क्योंकि दीपावली के दिन तो ये गंदगी का आलम और अधिक बढ़ जाएगा, ऐसे में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ जाएगा। लोगों ने नगर निगम से ये भी कहा है कि समय रहते आप लोग जाग जाइए। जानकारी के अनुसार दीपावली के पहले शहर के सभी घरों में सफाई की जा रही है और उसका कचरा घर के बाहर ही फेंका जा रहा है। ऐसे में उन इलाकों में कचरों का ढेर ज्यादा लग रहा है जहां बाबा बर्फानी का ठेका था क्योंकि नगर निगम द्वारा इस ठेकेदार का ठेका लापरवाही के चलते निरस्त कर दिया गया है और अब नगर निगम अपने चंद नियमित कर्मचारियों की बदौलत बर्फानी ठेकेदार के क्षेत्रों सहित अन्य क्षेत्रों में सफाई का बीड़ा उठाए हुए हैं।



### यहां है कर्मचारियों का फोकस

खबर है कि सफाई ठेका के अंतर्गत नगर निगम द्वारा कचरा कलेक्शन के लिए पूरे शहर में दौड़ाई जा रही एक सैकड़ा से अधिक गाड़ियों में चलने वाले सफाई कर्मचारियों का फोकस इन दिनों घरों के सामने पड़े रहने वाले कचरे को उठाने में नहीं रह गया है बल्कि दुकानों एवं शो रूम के सामने रखे जाने वाले खाली कार्टूनों एवं पैकिंग में निकलने वाला मटेरियल जो कि सड़क किनारे फेंक दिया जाता है उसे उठाने में रह गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि दुकानें, शो रूम एवं होटल वाले अपने प्रतिष्ठान के सामने गंदगी नहीं रहने देना चाहते हैं इसलिए वे कचरा गाड़ी वालों को फोन कर- के भी बुलवा लेते हैं और पचास, सौ रुपये देकर उनसे कचरा उठवा लेते हैं। इधर घरों के बाहर सड़क पर लगे कचरे के ढेर को कचरा कलेक्शन गाड़ी वाले नहीं उठा रहे हैं।

## युवक ने कीटनाशक दवाई खाई, मौत

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अंतर्गत भदम सानी में रहने वाले एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार को अखिलेश कुमार बर्मन 32 वर्ष निवासी ग्राम भदम सानी ने सूचना दी कि खेती किसानी करता है शुक्रवार रात खाना खाकर सो रहे थे रात लगभग 10 बजे उसके भाई संदीप कुमार बर्मन की खांसने एवं उल्टी होने जोर से आवाज आने पर उसने भाई से पूछा तो कुछ नहीं बताया, भाई संदीप की उल्टी से बदबू आ रही थी फिर उसने कमरे में देखा कीटनाशक दवाई पड़ी थी, संदीप की तबियत खराब होने लगी जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल जबलपुर में भर्ती कराये की हालत में सुधार नहीं होने से उपचार के लिए नागपुर लेकर जा रहे थे रास्ते में भाई संदीप बर्मन 37 वर्ष की मौत हो गई।



## धनतेरस में भी वेयरहाउस संचालकों को नहीं मिला धन

प्रशासन की चुप्पी पर जताई नाराजगी

**नवभारत,जबलपुर।** तीन वर्षों से लंबित किराया भुगतान की मांग को लेकर वेयरहाउस संचालकों का मौन धरना दसवें दिन भी जारी रहा। संचालकों ने प्रशासन की चुप्पी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब तक बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर मौजूद संचालकों ने बताया कि मंगलवार को कलेक्टर से मिलकर समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वहीं मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के ब्रांच मैनेजर सखाराम निमोदा ने धरना समाप्त करने का आग्रह किया था, लेकिन संचालकों ने कहा कि भुगतान के बिना आंदोलन खत्म नहीं होगा।

### तीन वर्षों से नहीं मिला किराया

जिले के लगभग 425 वेयरहाउस संचालकों का करीब 130 करोड़ रुपये किराया तीन वर्षों से लंबित है। संचालकों का कहना है कि इस कारण वे बैंक ऋण, स्टाफ वेतन और दैनिक खर्चों का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। आर्थिक संकट के बीच वे प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग कर रहे हैं।

## बेटे को मारा चाकू, समझाने गए मां-पिता पर भी किया वार

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत चार खंभा में बदमाश ने रंगदारी नहीं देने पर एक युवक पर चाकू से वार कर दिया। जब घायल की मां पिता समझाने गए तो उनके साथ भी उलझ गया। पिता पर भी चाकू से वार कर दिया। साढू भाई और मां पर सीमेंट सीट से हमला किया और फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक मुन्ना अंसारी निवासी मोतीनाला रोड चारखंभा ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार रात्रि 11:50 बजे नौशाद उसके पुत्र असरफ से पार्टी करने के लिये 2000 रूपये मांग रहा था तो बेटे पैसे देने से मना किया इसी बात को लेकर बेटे के दाहिने हाथ में चाकू से मारा जिससे चोट लग गई। वह पत्नी कमरजहाँ के साथ नौशाद के घर समझाने गया तो नौशान विवाद करने लगा और उस पर भी चाकू से वार कर दिया। उसका साढू भाई इशाक पत्नी बीच बचाव करने आये तो उस पर सीमेंट सीट से हमला किया।

### शराब के लिए चाकू से गोदा

बरेला थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रूपए नहीं देने पर बदमाश ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक विजय चौधरी 25 वर्ष निवासी कटियाघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात 11 बजे वह घर से खाना खाकर अपने घर के पीछे बने शंकर जी के मंदिर के पास टहलने गया था तभी वहां पर विशाल रजक एव पिन्टू चौधरी आकर शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, उसने पैसे देने से मना किया तो विशाल रजक ने चाकू से हमलाकर चोट पहुंचा दी।

## नश हुई ब्लाक, युवक की संदिग्ध मौत

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत करोंदी में नश ब्लाक होने से एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक अजय पटेल 31 वर्ष निवासी करोंदी रांझी बीती रात लगभग 12 बजे सोया था जो सोते समय उल्टी किया था रोजाना लगभग 1 बजे तक उठता था शनिवार दोपहर लगभग 1 बजे परिजन उठाये तो अचेत अवस्था में था तभी परिजन निजी अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने दोपहर लगभग 2-45 बजे उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में यह बात सामने आई कि उल्टी के दौरान नश ब्लाक होने से मौत हुई है।

## जेवर लूटने वाली नकली पुलिस बनी सिरदर्द

पुराने ठग पकड़े नहीं गए नए दे रहे चुनौती

**जबलपुर।** आगे लूट हुई है, चैकिंग चल रही है, आप जेवर उतार कर रख लो। हम आपकी सुरक्षा कर रहें है, डरिए मत। यह बोल ठगों द्वारा सरेराह बोले जाते है और वे स्वयं को पुलिस वाला बताकर बुजुर्गों को टारगेट करते हुए डर दिखाकर उनके जेवरात उतरवाकर लेकर फरार हो जाते है। ये गिरोह पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुका है। आए दिन वारदातें कर रहा है लेकिन पुलिस के पास फिलहाल ऐसे कोई अहम सुराग हाथ नहीं लग सके है जिसके सहारे उन्हें पकड़ा जा सके।

ऐसा नहीं है कि ये गिरोह अभी सक्रिय हुआ है लंबे समय से ऐसी वारदातें होती आ रही है। आलम ऐसा है कि पुराने ठग पुलिस ढूंढ नहीं पाई हैं और नए आरोपित पुलिस को चुनौती देते हुए वारदातें कर रहे है। 18 जनवरी 25 को केंट थाना क्षेत्र में श्रीमती विनय कुमारी टाटिया 79 वर्ष निवासी एपीआर कॉलोनी कटंगा सदर के जेवर लूटे गए। इसी प्रकार कोतवाली थाना क्षेत्र में 18 जनवरी को श्रीमती ज्योति जैन 57 वर्ष निवासी देवरी सागर के जेवर ठग ले गए। पुलिस ने दोनों ही मामलों में प्रकरण दर्ज किया था। पतासाजी के दौरान थाना नंदूरा महाराष्ट्र स्थित एक डेरा में छापेमारी भी की गई थी लूटे गए 11 लाख 50 हजार रूपए के जेवरात तो जब्त कर लिए गए थे लेकिन प्रकरण में आरोपी बने अमजद अली उर्फ सुल्तान उर्फ गब्बर अली उर्फ भीरू ईरानी पिता मनहर अली ईरानी 45 वर्ष, चिन्नी उर्फ मोहम्मद अब तक पुलिस



गिरफ्त से दूर है।

### बुजुर्गों को टारगेट करता है गिरोह

गिरोह सबसे अधिक बुजुर्गों को टारगेट करता है और आराम से उन्हें डर दिखाकर वारदातें कर फरार हो जाता है हालांकि पुलिस दावा कर रही है कि आरोपियों की तलाश पतासाजी के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे है लेकिन पुलिस अब तक आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है। सितम्बर माह में एक साथ चार वारदातें हुई थी।

### डेरों में बसेरा, हर दिन बदलते ठिकाना

ऐसे मामलों की की जांच में यह बात सामने आई है कि ये गिरोह महाराष्ट्र में भी है जो शहर आकर वारदातें करता है। इसके अलावा ईरानी गिरोह भी इस काम में माहिर है जो हर दिन ठिकाने बदला है। ये डेरों में रहते है। मुंबई, भोपाल, पिपरिया होशंगाबाद समेत अन्य जगह इनके ठिकाने है। इनके डेरों में महिलाएं, बच्चे रहते है पुरूष वारदातें करते है और अपने ठिकाने बदते रहते है।

**केस 1**-22 सितम्बर को कैंट थाने में श्रीमति अरूण गुप्ता 54 वर्ष निवासी डॉन बाक्सो स्कूल के सामने सिविल लाईन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेन रोड़ में जांच हो रही है कहते हुए दो ठगों ने उसके सोने के 2 कंगन वजनी 3 तोला, 2 अंगूठी वजनी 5-5 ग्राम, उतार लिए थे जिन्हें लेकर रफूचक्कर हो गए थे।

**केस 2**- गढ़ा थाने में 22 सितम्बर को श्रीमति भागवति बहलानी 70 वर्ष निवासी प्रेमनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि छोटा गुरूद्वारा के पास एक व्यक्ति उसके पास आकर बोला कि माता आपको पुलिस वाले साहब बुला रहे है इसके बाद उसके हाथ में पहने सोने के 2 कंगन, 1 अंगूठी उतारकर दो व्यक्तियों ने ले लिए।

### छोटे भाई की दुकान में किया पथराव, तोड़फोड़, धमकाया

जबलपुर। सिहोरा थाना क्षेत्र में बड़े भाई ने छोटे भाई की दुकान में पथराव करते हुए तोड़फोड़ कर दी और धमकाते हुए भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रमेश कुमार महोबिया निवासी वार्ड क्रमांक 10 मैना कुंआ सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रमेश किराना नाम से किराना की दुकान वार्ड नम्बर 10 गौरेया मोहल्ला में चलाता है। बीती रात्रि करीब आठ बजे किराना दुकान में था तभी बडा भाई राकेश महोबिया पिता स्व विश्रामलाल महोबिया 52 वर्ष का शराब के नशे में आया और बोला कि मुझे खर्चे के लिये कुछ रुपये दे दो तो उसने रुपये देने से मना कर दिया तो उसने वहीं दुकान के बाहर पडे एक बडे बोल्डर (पत्थर) को उठाकर दुकान के अंदर कई बार पटका जिससे उसकी दुकान में बहुत नुकसान हुआ। सामान क्षतिग्रस्त हुआ है।

## दुकानदार ने अधिवक्ता को धमकाया, हाथापाई

आक्रोशित अधिवक्ताओं ने घेरा थाना, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत घमण्डी चौक के पास पत्नी के साथ कपड़े देखने गए अधिवक्ता के साथ दुकानदार ने अभद्रता करते हुए उसे धमकाते हुए हाथापाई कर दी। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने थाने का घेराव किया। जिसके बाद पुलिस ने व्यापारी केखिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अधिवक्ता प्रतीक पठारिया निवासी सोनपुर रोड घाना खमरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात नौ बजे वह घमण्डी चौक के पास बसंत होजरी के सामने अंकित जैन की कपडे की दुकान में पत्नि सोनम और अपने बच्चो के साथ कपडे लेने गया था। दो-चार कपडे देखने के वाद पत्नि ने कपडे देखने से मना कर दिया बोली कि दूसरी दुकान चलो जिस पर दुकानदार अंकित जैन ने अभद्रता करते हुए धमकाने लगा। दुकानदार हाथापाई पर आमादा हो गया। तभी पत्नि ने उसका हाथ पकड कर बाहर ले आयी। जिसके बाद उसने मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाईन में कर दी। पुलिस के बुलाने पर वह साथी अधिवक्ताताओं के साथ पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई।

## लाइन कर्मियों की दो शिफ्ट में लगाई जाए ड्यूटी

अतिरिक्त वेतन और अन्य सुविधायें देने ऊर्जा मंत्री से मांग

**नवभारत,जबलपुर।** धनतेरस से दीपावली तक तीन दिनों के लिए सभी श्रेणी के लाइन कर्मचारियों की शाम 4 से रात 12 बजे तक एवं रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक दो शिफ्टों में ड्यूटी लगा दी गई है, ताकि आधिकारियों को अवकाश मिले और वे त्यौहार मना सके। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पावर जनरेटिंग कंपनी के पावर हाउस, ट्रांसमिशन कंपनी के 400 केवी 200 केवी, 132 केवी सब-स्टेशनों, विद्युत वितरण कंपनियों के सब-स्टेशनों और ट्रांसफार्मर पाइंट में नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की दो शिफ्ट में ड्यूटी लगा दी गई है, एक कर्मचारी को दो शिफ्ट में ड्यूटी करनी होगी, ताकि अधिकारी परिवार के साथ त्यौहार मना सके। हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि दो शिफ्ट ड्यूटी कराने के बाद अधिकारी नियमानुसार अतिरिक्त वेतन नहीं देते हैं, लेकिन स्वयं अवकाश लेकर त्यौहार मना सके, इस लिए लाइन कर्मचारियों से लगातार ड्यूटी करायी जाती है। उन्होंने बताया कि धनतेरस से दीपावली के बीच किसी भी प्रकार से विद्युत अवरोध न आयेअ और उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए लाइन कर्मचारी पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करता है। संघ के शंभू नाथ सिंह, एसके मौर्य, केएन लोखंडे, मसूद खान, एसके श्रीवास्तव, राम केवल यादव, रतिपाल यादव, असलम खान, राजेश काले, अजय कश्यप, मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, प्रदीप द्विवेदी, ,अशोक पटेल, विपतलाल विश्वकर्मा, दशरथ शर्मा, वैदेही शरण द्विवेदी, अजय मिश्रा, बीपी सिंह, गोमती तिवारी, इंद्रपाल सिंह, लखन सिंह राजपूत, आदि ने ऊर्जा मंत्री एवं विद्युत कंपनी प्रबंधन से मांग की है कि सभी लाइन कर्मियों को दो शिफ्ट में ड्यूटी कराने पर अतिरिक्त वेतन और अन्य सुविधायें प्रदान करें।

## लूट करने असफल हुए तो युवक को मारा चाकू

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत जेडीए की निर्माणाधीन न्यू रोड के पास मोटर साइकिल सवार लुटेरों ने एक युवक पर झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लूटने लगा लेकिन जब वह लूट में असफल हुए तो उन्होंने चाकू मार दिया और भाग गए। पुलिस के मुताबिक दीपक पटेल 28 वर्ष निवासी लम्हेटाघाट ऊपर मोहल्ला थाना भेड़ाघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्लोबल कॉलेज में पिछले 9 वर्षों से पेंटिग पुट्टी का काम करता है। वहीं उसके साथ जीजा गनेश सिंह पटेल भी पेंटिग पुट्टी का काम करते हैं। शाम को छुट्टी होने पर जीजा गनेश पटेल अपने घर पडुवा के लिए साइकल जा रहा था शाम लगभग 05 .30 बजे पवन ढाबा के आगे जेडीए की निर्माणाधीन न्यू रोड के पास सर्विस रोड पर पहुँचा वह अपनी मोटर साइकल से पीछे से अपने घर जा रहा था उसी समय देखा कि सर्विस रोड पर एक मोटर साइकल पर तीन लड़के खड़े थे जो जीजा गनेश सिंह पटेल को रोककर उसके पास से बल पूर्वक मोबाइल छीनने का प्रयास कर रहे थे जीजा ने मोबाइल को छीनने से रोकने का प्रयास किया तो एक लड़के ने जीजा को पकड लिया दूसरा लड़का जीजा को चाकू से मारने लगा था तीसरा लड़का मोटर साइकल को चालू कर उसी पर बैठा था जैसे ही वह उनके पास पहुँचा तो तीनो मोटर साइकल में बैठकर अंधमूक बाईपास की तरफभाग गये।

## बिना अनुमति नहीं होंगे किसी भी प्रकार के आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने धनतेरस, दीपावली तथा आने वाले त्यौहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन को रोकने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और यह आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इसका उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।प्रतिबंधात्मक आदेश के मुताबिक प्रशासनिक अधिकारियों से अनुमति प्राप्त किये बिना किसी भी प्रकार के आयोजन नहीं किये जा सकेंगे। आदेश में जिले में दो पहिया वाहन रैली को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही डीजे के इस्तेमाल पर भी पूरी तरह रोक लगाई गई है। आदेश में व्यक्तियों, संस्थाओं अथवा पशु मालिकों से कहा गया है कि वे अपने पशुओं को खुले तौर पर सडकों पर न छोड़ें और न ही सड़कों पर आने दें।प्रतिबंधात्मक आदेश में पेट्रोल पम्प से डिब्बे, बोतल तथा अन्य किसी खुले रूप में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर पूर्णत: रोक लगाई गई है। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सोशल मीडिया के ग्रुपों पर विशेष निगाह रखने के निर्देश भी प्रतिबंधात्मक आदेश में दिये गये हैं।

## व्यापारी संघ अध्यक्ष के साथ मारपीट करने वाला आरक्षक हो निलंबित

**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री जबलपुर ने पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित करते हुए मांग की है कि व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुधीर सोनकर के साथ थाने में मारपीट वाले पुलिस आरक्षक माखन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए एफआईआर दाखिल कर शीघ्र कानूनी कार्यवाही की जाये। ज्ञात हो कि सुधीर सोनकर अपनी मां के साथ पूर्व में प्रस्तुत रिपोर्ट की जानकारी लेने थाने गए थे वहां बिना वजह एवं कारण के पुलिस आरक्षक द्वारा उन्हें मारते हुए अभद्रता की गई। संघ के अध्यक्ष के साथ पुलिस सिपाही द्वारा की जाने वाली वारदात से व्यापारी जगत में रोष एवं विरोधभास व्याप्त है जो कि आंदोलन की स्थिति निर्मित कर रहा है। चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़ावाल, मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र, कोषाध्यक्ष हेमराज अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक से उचित कार्यवाही की मांग की है।

## बिजली समस्या से सिंचाई कार्यों में आ रही दिक्कत

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय किसान संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने शहर में विद्युत समस्याओं को लेकर एमपीवी (मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी) के अधिकारियों से मुलाकात की। बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती, कम वोल्टेज, ट्रांसफार्मर की समस्याएं और समय पर बिजली बिल न आने जैसी कई ज्वलंत समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं के कारण किसानों को



सिंचाई कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे फसल उत्पादन पर भी असर पड़ रहा है। एमपीवी अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर संगठन के संभागीय अध्यक्ष विवेक पटेल, राष्ट्रीय महासचिव किशन पटेल, जिला अध्यक्ष रामराज पटेल (खजरी), जिला उपाध्यक्ष डॉ. संतोष पटेल, अरविंद पटेल, प्रतीक पटेल एवं आयुष जैन सहित अन्य सदस्य शामिल



## कछपुरा ब्रिज को किया गया धूल रहित

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था के साथ मार्गों और पुल पुलियों और डिवाइडरों को धूल रहित करने धुलाई भी कराई जा रही है। इसी कड़ी में संभाग क्रमांक 2 के संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि जोन के साथ अंतर्गत कछपुरा ब्रिज फुटपाथ पर जमी हुई धूल /डस्ट के कारण आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे जोन की छोटी पावर स्प्रे मशीन से धुलाई कराकर ब्रिज को धूल रहित किया गया।

बैठक


5 विभागों के कार्यों की बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## स्वच्छता पर शहर में चलाई जाएगी स्पेशल ड्राइव : निगमायुक्त

**नवभारत,जबलपुर।** स्वच्छता पर पूरे शहर में स्पेशल ड्राइव चलाई जाएगी। जनहित और सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए लेफ्ट टर्न मुक्त रखने नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। ये बातें निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शनिवार को 5 विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। इस दौरान निगमायुक्त ने स्वास्थ्य, उद्यान, बाजार, राजस्व एवं लोककर्म विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर बारी-बारी से समीक्षा कर जानकारी ली।



इस अवसर पर उन्होंने सी.एम. हेल्प लाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा की और 100 प्रतिशत संतुष्टि के साथ निराकरण कराने के निर्देश दिए ताकि ग्रेडिंग बेहतर हो सके। साथ ही दीपोत्सव पर कार्ययोजना के अनुरूप बेहतर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए । वहीं स्वास्थ्य विभाग के अमले को त्यौहार पर 24 घंटे अलर्ट रहने के लिए भी निर्देशित किया गया है। निगमायुक्त ने लोककर्म विभाग अंतर्गत कार्यों को भी अभियान चलाकर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों से कहा कि उद्यानों के रखरखाव व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और बाजार के साथ राजस्व अमले को वसूली कार्यों में व्यापक गति लाने निर्देशित किया। बैठक में संबंधित विभागों अधिकारी कर्मचारी लोग उपस्थित थे।



## एसडीएम- मजिस्ट्रेट पहुंचे पटाखा बाजार

लाइसेंस की शर्तों का कड़ाई से पालन करने व्यापारियों को दिए निर्देश

**नवभारत, जबलपुर।** पटाखा दुकानों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एसडीएम एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों ने शनिवार को शहपुरा, कुंडम, सिहोरा, पाटन, राँझी, सदर, गोराबाजार, खमरिया, घमापुर, कांचघर, गोलबाजार सहित जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान पटाखा व्यापारियों को लाइसेंस की शर्तों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये गये तथा अग्नि सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान पटाखा व्यापारियों के लाइसेंस एवं स्टॉक रजिस्टर की जाँच भी की गई।